वन उत्पादकता संस्थान, रांची

स्वतन्त्रता दिवस, 201 7

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में बड़े उल्लास के साथ 71वां स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया | स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर संस्थान के निदेशक, डा॰ शमीम अख्तर अंसारी द्वारा झंडोतोलन किया गया और डा॰ शरद तिवारी, वैज्ञानिक-एफ, डा॰ अनिमेष सिन्हा, वैज्ञानिक-ई एवं श्री संजीव कुमार, वैज्ञानिक-डी ने उनका साथ दिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा॰ अंसारी ने संस्थान के समस्त वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी गण को संबोधित करते हुए वानिकी अनुसंधान को और बढ़ावा देने की बात कही। उन्होने इस बात पर बल दिया की अगर हम अपने कार्यक्षेत्र में लगन से कार्य करें तभी संस्थान के साथ-साथ देश का भी विकास होगा | इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें संस्थान के समस्त वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी गण का सहयोग रहा | श्रीमति रूबी कुजूर, वैज्ञानिक -सी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया ।